Title: Need to lay new rail line connecting Farenda, Maharajganj, and Siswa in Uttar Pradesh.

कुंवर अखिलेश सिंह (महाराजगंज, उ.प्र.) : उपाध्यक्ष महोदय, महाराजगंज जनपद को अस्तित्व में आए 14 वर्ा व्यतीत हो गए हैं और यह जनपद कृाि प्रधान एवं भारत-नेपाल सीमा पर स्थित सीमावर्ती जनपद है परन्तु अभी तक महाराजगंज जनपद रेल लाइन से नहीं जुड़ा है। आनन्द नगर से महाराजगंज एवं महाराजगंज से सिसवा को रेल लाइन से जोड़ दिया जाए तो गोरखपुर गोण्डा लूप लाइन का आमान परिवर्तन के पश्चात् बिहार होकर आसाम तक जाने वाली ट्रेनों को लगभग 60 से 70 कि.मी. दूरी कम तय करनी पड़ेगी।

अतः मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि व्यापक जनहित में फरेन्दा से महाराजगंज, महाराजगंज से सिसवा को नई रेल लाइन से जोड़ने हेतु यथाशीघ्र कार्य प्रारम्भ करने का कट करें।